**भारत सरकार/ GOVERNMENT OF INDIA**

**खान मंत्रालय/ MINISTRY OF MINES**

**भारतीय खान ब्यूरो/ INDIAN BUREAU OF MINES**

**क्षेत्रीय खान नियंत्रक का कार्यालय**

**OFFICE OF THE REGIONAL CONTROLLER OF MINES**

# हिंदी पखवाड़ा रिपोर्ट

**दिनांक 06.09.2019 से 20.09.2019**

**क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर**

**Regional Office, Bhubaneswar**

भारतीय खान ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय ,भुवनेश्वर  में दिनांक 06 सितम्बर, 2019 से 20.09.2018 तक राजभाषा हिंदी पखवाड़ा समारोह का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया  | इस दौरान राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं उतरोतर  प्रगति हेतु मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों का अनुपालन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे कार्यालय के अधिकारियों एव कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिए  |




हिंदी संपर्क अधिकारी श्री दयानन्द उपाध्याय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों  का हार्दिक अभिनंदन एवं सरस्वती वंदना कर इस समारोह का संचालन किया |




हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह का शुरुआत श्रीमती एम्. मोहंती के द्वारा मुख्य अतिथि श्री नवीन कुमार सिंह ,मुख्य सामग्री प्रबंधक , पूर्वी तट रेलवे, एवं क्षे.खा. नि. श्री हरकेश मीना को पुष्पगुच्छ से स्वागत किए जाने से हुई तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं क्षे.खा.नी. के द्वारा दीप प्रज्वलित कर हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया |




क्षेत्रीय खान नियंत्रक श्री हरकेश मीना ने सभी का स्वागत करते हुए समारोह को संबोधित किए तथा किस तरह 14 सितम्बर 1949 को हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त हुआ इसकी पृष्ठभूमि प्रस्तुत की | हिंदी के विकास के लिए गृह मंत्रालय के द्वारा लिए गए कदम यहाँ तक की तकनीकी क्षेत्र में भी अब हिंदी का उपयोग हो रहा है इन सब बातों से सभी को अवगत कराते हुए हिंदी के विकास में पखवाड़ा का महत्व को समझाया तथा सभी कर्मचारी एवं अधिकारी से यह अपील किया की सभी इस पखवाड़ा में बढ़-चढ़कर भाग ले | तत्पश्चात श्री नवीन कुमार सिंह ,मुख्य सामग्री प्रबंधक , पूर्वी तट रेलवे ने समारोह को संबोधित करते हुए अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए हिंदी के महत्व एवं सभी को सभी भाषा के ज्ञान होना चाहिए इसके महत्व को समझाया तथा रोजमरा के कार्य में हिंदी का कैसे उपयोग कर सकते है यह बताते हुए अपने संबोधन की समाप्ति किया|






अंततः हिंदी संपर्क अधिकारी श्री दयानन्द उपाध्याय ने पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिता का रूप रेखा प्रस्तुत किये जो निम्न प्रकार है।

| दिनांक | कार्यक्रम | संयोजक |
|---|---|---|
| 06.09.2019 शुक्रवार | उद्घाटन समारोह प्रात: (11.00 बजे) | श्री डी. उपाध्याय , व.स.खा.नि<br>श्री पी.एम. सुन्दरेश्वर, स. प्रशानिक अधिकारी,<br>श्री एम.मिश्र, अ.श्रे.लि. |
| 10.09.2019 मंगलवार | निबंध लेखन | श्री जीतेन्द्र प्रधान, स.ख.अभियंता<br>श्रीमती एम. मोहांति, अ.श्रे.लि. |
| 11.09.2019 बुधवार | टिप्पण व प्रारूप लेखन | श्री पी.एम. सुन्दरेश्वर, स. प्रशासनिक अधिकारी<br>श्री ए.के.पाणी, स.ख.अभियंता |
| 12.09.2019 गुरुवार | सुलेख | श्री डी. उपाध्याय, व.स.खा.नि<br>श्रीमती सलिला दाश, आशुलिपिक |
| 13.09.2019 शुक्रवार | हिंदी में विचार-विमर्श (विषय ड्रा द्वारा) | श्री एस मंजुमदार, व.ख.भू. श्री सोमनाथ घोष, क.स. |
| 16.09.2019 सोमवार | प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता (विकल्प) | श्री रामकिशन, व.स.खा.नि<br>श्री आशीष नारायण, क. सा.आ |
| 17.09.2019 मंगलवार | श्रुति लेख | श्री जी. सी. शेठी, उप खान नियंत्रक<br>श्री एस.के. महापात्र, स.ख.अभियंता |
| 18.09.2019 बुधवार | अनुवाद (अंग्रेजी से हिन्दी) | श्री प्रशान्त कुमार साहू, स.ख.अभियंता<br>अमरदीप आर्य , भण्डार लिपिक |
| 19.09.2019 गुरुवार | वाद-विवाद प्रतियोगिता | श्री केवल किशन , क्षे.ख.भू.<br>श्री आर.सी.दास , क. सा.आ<br>श्री बी स्वाईन, अ.श्रे.लि. |
| 20.09.2019 शुक्रवार | समापन, पुरस्कार वितरण समारोह एवं हिंदी पत्रिका 'यथार्थ' का विमोचन | श्री डी. उपाध्याय , व.स.खा.नि<br>श्री पी.एम. सुन्दरेश्वर, स. प्रशानिक अधिकारी<br>श्री एम.मिश्र, अ.श्रे.लि. |

**उद्घाटन समारोह का समापन** श्री दयानन्द उपाध्याय द्वारा एक कविता के माध्यम से तथा श्री एम् मिश्र , अवर श्रेणी लिपिक के धन्यवाद प्रस्ताव उपरांत किया गया |

हिंदी पखवाड़ा काफी हर्षोल्लास से संयोजक के देख रेख में हिंदी एवं गैर हिंदी दो श्रेणी में कार्यालय के सभाकक्ष में मनाया गया कार्यालय के कार्य के बीच पखवाड़ा के लिए समय निकालते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इसमें भाग लिए तथा संयोजक के द्वारा उनका मूल्यांकन भी किया गया | गैर हिंदी में श्रेणी में ज्यादा भागीदार होने के वजह से उसमे दो पुरस्कार एवं हिंदी श्रेणीं में एक पुरूस्कार रखा गया |













*(संयोजक के निगरानी में हिंदी पखवाड़ा के दौरान हुए प्रतियोगिता में भाग लेते अधिकारी एवं कर्मचारी )*

हिंदी पखवाड़ा में हुए प्रतियोगिता का परिणाम इस तरह रहे ।

| दिनांक | कार्यक्रम | प्रथम स्थान (गैर हिंदी अधिकारी एवं कर्मचारी के श्रेणी में ) | दिव्तीय स्थान (गैर हिंदी अधिकारी एवं कर्मचारी के श्रेणी में ) | प्रथम स्थान ( हिंदी अधिकारी एवं कर्मचारी के श्रेणी में ) |
|---|---|---|---|---|
| 10.09.2019 मंगलवार | निबंध लेखन | श्री एम्.मिश्र ,अवर श्रेणी लिपिक | श्री एम्. मोहंती , अवर श्रेणी लिपिक | श्री आशीष नारयण , कनिष्ठ संखियाकी, अधिकारी |
| 11.09.2019 बुधवार | टिप्पण व प्रारूप लेखन | श्री एम्.मिश्र ,अवर श्रेणी लिपिक | श्री एम्. मोहंती , अवर श्रेणी लिपिक | श्री आशीष नारयण , कनिष्ठ संखियाकी, अधिकारी |
| 12.09.2019 गुरुवार | सुलेख | श्री एस.मंजूमदार , वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी | श्री एम्.मिश्र ,अवर श्रेणी लिपिक<br>श्री भागीरथी स्वाई, अवर श्रेणी लिपिक | श्री आशीष नारयण , कनिष्ठ संखियाकी, अधिकारी |
| 16.09.2019 सोमवार | प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता (विकल्प) | श्री एस.माहापात्र , सहायक खनिज अभियंता | श्री जितेन्द्र प्रधान, सहायक खनिज अभियंता<br>श्री एम्. मोहंती , अवर श्रेणी लिपिक | तिर्तीय स्थान श्री अमरदीप आर्य, भण्डार लिपिक |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 17.09.2019 | श्रुति लेख | श्री आर.सी.दास , कनिष्ठ संखियाकी, अधिकारी<br>श्री एम्.मिश्र, अवर श्रेणी लिपिक | श्री एम्. मोहंती , अवर श्रेणी लिपिक | श्री अमरदीप आर्य, भण्डार लिपिक |
| 18.09.2019 | अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद | श्री एम्. मोहंती , अवर श्रेणी लिपिक | श्री ए.के पाणी , सहायक खनिज अभियंता<br>श्री एम्.मिश्र , अवर श्रेणी लिपिक | श्री आशीष नारयण , कनिष्ठ संखियाकी, अधिकारी |
| 19.09.2019 | वाद-विवाद | श्री एस.माहापात्र , सहायक खनिज अभियंता | श्री एम्.मिश्र , अवर श्रेणी लिपिक | श्री एस.मंजूमदार , वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी |

अंततः दिनांक 20.09.2019 को हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह क्षे.खा.नि. श्री हरकेश मीना की अध्यक्षता में मनाया गया | समापन कार्यक्रम का संचालन हिंदी संपर्क अधिकारी श्री दयानन्द उपाध्याय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारी का स्वागत करते हुए हिंदी पखवाड़ा  का ब्यौरा रखा | उसके पश्चात् अध्यक्ष महोदय ने हिंदी दिवस के अवसर पर गृह मंत्री के द्वारा दिए गए सन्देश को पढ़ते हुए हिंदी के महत्व को समझाया |




*(हिंदी दिवस के अवसर गृह मंत्री के द्वारा दिए गए सन्देश को पढ़ते हुए अध्यक्ष महोदय )*




*(गृह पत्रिका यथार्थ का विमोचन करते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी )*

प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी हिंदी पखवाडा के समापन के दौरान हिंदी के प्रचार -प्रसार एवं जागरूकता फैलाने हेतु इस कार्यालय द्वारा गृह पत्रिका “यथार्थ” का विमोचन किया गया जिसमे कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने विचार लेख एवं कविता के माध्यम से व्यक्त करते है | पत्रिका में प्रस्तुत लेखो का अध्यक्ष महोदय ने काफी तारीफ की एवं पत्रिका को संबंधित सभी सरकारी कार्यलय को परिचालित करने का निर्देश दिया |







*(गृह पत्रिका "यथार्थ" को पढ़ते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी )*

अंततः क्षे.खा.नि. श्री हरकेश मीना ने सभी प्रतिभागियों को उत्साह व् लगन के साथ धैर्यपूर्वक शामिल होकर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सराहना की एवं सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया तथा भविष्य में कार्यालय में ज्यादा कार्य में हिंदी का उपयोग हो इसकी आशा जताई



















*(प्रमाण पत्र एवं नगद पुरूस्कार ग्रहण करते हुए सफल प्रतिभागी )*




अंत मे, श्री महेश्वर मिश्र के द्वारा गृह पत्रिका के कुछ अंश पढ़ते हुए तथा धन्यवाद प्रस्ताव उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ |

हिंदी पखवाड़ा का सफल आयोजन श्री हरकेश मीना की अध्यक्षता में तथा हिंदी संपर्क अधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक खान नियंत्रक श्री दयानन्द उपाध्याय के निर्देश में कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी श्री आशीष नारायण के मदद से किया गया |